समाचार

गोकुलनगर गोठान

गोठान के मवेशियों को ठंड से बचाने आयुक्त की मानवीय पहल

(गोठान में स्थित समस्त 17 मवेशियों को रात्रि के समय पहनाए जा रहे कम्बल, किया जा रहा उनका ठंड से बचाव)

कोरबा 01 जनवरी 2020 –आयुक्त श्री राहुल देव की मानवीय पहल पर गोकुलनगर स्थित गोठान के मवेशियों को ठंड से बचाने हेतु जोन कमिश्नर श्री ए.के. शर्मा ने गोठान स्थित समस्त 17 मवेशियों को पहनाने हेतु कम्बल उपलब्ध कराएं हैं। गोठान के केयरटेकर को 18 नग कम्बल देकर प्रतिदिन रात्रि के समय इन कम्बलों को गोठान के सभी मवेशियों को पहनाने के निर्देश दिए गए हैं। गोठान के सभी मवेशियों को रात्रि होते ही कम्बल पहनाए जा रहे हैं, जिससे उनका ठंड से बचाव हो सके, आयुक्त श्री राहुल देव की इस मानवीय पहल की लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना ''नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी'' योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा खरमोरा स्थित गोकुलनगर में गोठान का निर्माण कराया गया है, गोठान में मवेशियों के लिए आहार व पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, धूप व बारिश से बचाव हेतु शेड बनाए गए हैं तथा उनकी सुरक्षा हेतु सम्पूर्ण गोठान को घेरकर तारबंदी की गई है एवं सुरक्षित प्रवेशद्वार बनाया गया है। गोठान के मवेशियो के टीकाकरण व उनके स्वास्थ्य की नियमित देखभाल की व्यवस्था भी बनाई गई है, गोठान के बगल में ही पशु चिकित्सालय खोला गया है, मवेशियों के गोबर एवं चारे के अवशेष से कम्पोस्ट खाद बनाने का संयंत्र लगाने के साथ–साथ गोबर गैस संयंत्र भी स्थापित किया गया है। वर्तमान में गोकुलनगर गोठान में 17 मवेशी रखे गए हैं, कड़कडाती ठंड के इस मौसम में गोठान के मवेशियों को ठंड से बचाने के लिए आयुक्त श्री राहुल देव की मानवीय पहल पर जोन कमिश्नर श्री ए.के.शर्मा ने 18 कम्बल गोठान के केयरटेकर को प्रदान किए हैं, साथ ही केयरटेकर को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक दिवस रात्रि के समय गोठान के सभी मवेशियों को कम्बल पहनाएं ताकि ठंड से उनका बचाव हो सके।